**NATIONAL PUBLIC SERVICE TRUST**
(Public Welfare • Justice • Development)
(A Social Institution Established under Central Act No. 2 of 1882)
Establishment No. – 212/IV/2026
Office : 670, Model Colony, Ranipur Mod, Haridwar (Uttarakhand) 249407
Email : npst.india@gmail.com

पत्रांक सं० – NPST/115/2026 दिनांक – 24.08.2026

सेवा में,

1. **श्रीमान मुख्य सचिव,**
   उत्तराखण्ड शासन, देहरादून
   ईमेल – abardhan@ias.nic.in
2. **श्रीमान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग**
   उत्तराखण्ड शासन, देहरादून
   ईमेल – rajendrak.rev@uk.gov.in
3. **श्रीमान सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,**
   उत्तराखण्ड शासन, देहरादून
   ईमेल – vinays.pandey@nic.in ; rohit.meena@ias.nic.in
4. **श्रीमान जिलाधिकारी,**
   जनपद–हरिद्वार, कलेक्ट्रेट, रोशनाबाद हरिद्वार
   ईमेल – dm-har-ua@nic.in

**विषय : मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार की आधिकारिक वेबसाइट तथा शासकीय शिलापट्टों पर लोकसेवकों के नाम के साथ माननीय/Hon'ble सम्मानसूचक संबोधन के अनुचित प्रयोग को हटाये जाने एवं एकरूप शासकीय प्रोटोकॉल निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

नेशनल पब्लिक सर्विस ट्रस्ट एक लोकहित के उद्देश्य से कार्यरत संस्थान है, जिसका प्रमुख उद्देश्य संविधान के मूल्यों, प्रशासनिक पारदर्शिता, विधि के शासन तथा सार्वजनिक संस्थाओं की गरिमा को प्रोत्साहित करना है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

संस्थान के संज्ञान में आया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार की आधिकारिक वेबसाइट पर संबंधित अधिकारी के नाम एवं पदनाम के साथ Hon'ble CMO अंकित किया

गया है। यह वेबसाइट एक सार्वजनिक शासकीय मंच है, जहाँ किसी अधिकारी की पहचान केवल उसके नाम, पदनाम एवं कार्यालयीय दायित्व के माध्यम से होनी चाहिए। किसी नियमित कार्यपालिका अधिकारी के नाम के साथ माननीय/Hon'ble जैसा सम्मानसूचक संबोधन अंकित किया जाना सरकारी संचार की निष्पक्षता, संवैधानिक मर्यादा तथा प्रशासनिक शिष्टाचार के अनुरूप नहीं है।

इसी प्रकार देहरादून से संबंधित एक शासकीय उद्घाटन–शिलापट्ट के छायाचित्र में मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार के नाम के साथ "माननीय" संबोधन अंकित है। मुख्य सचिव राज्य प्रशासन के सर्वोच्च एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण लोकसेवक होते हैं, किन्तु वह कार्यपालिका के अधिकारी हैं। पद की वरिष्ठता, प्रशासनिक महत्व अथवा सेवा–वर्ग से किसी लोकसेवक के नाम के साथ माननीय/Hon'ble का उपयोग स्वतः उचित नहीं हो जाता। ऐसे संबोधन संवैधानिक, निर्वाचित अथवा विधि द्वारा विशेष रूप से मान्यता प्राप्त गरिमामय पदों की पहचान और सामान्य प्रशासनिक पदों के बीच आवश्यक अंतर को प्रभावित करते हैं।

यह विषय किसी व्यक्ति विशेष के सम्मान अथवा प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि संस्थागत अनुशासन और सरकारी मर्यादा का है। सरकारी वेबसाइट, शिलापट्ट, पत्राचार, प्रचार सामग्री तथा सार्वजनिक सूचना–पट्ट नागरिकों के समक्ष राज्य की औपचारिक भाषा और प्रशासनिक आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। अतः इनमें प्रयुक्त पदनाम पूर्णतः तथ्यात्मक, निष्पक्ष तथा स्थापित शासकीय प्रोटोकॉल के अनुरूप होना आवश्यक है। अधिकारियों के नाम के साथ इस प्रकार के सम्मानसूचक पदों का प्रयोग अनावश्यक व्यक्तिकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देता है तथा शासन की संस्थागत प्रकृति के प्रतिकूल है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार की वेबसाइट से Hon'ble CMO का उल्लेख तत्काल हटवाकर केवल सही नाम एवं पदनाम प्रदर्शित कराया जाए। साथ ही, समस्त विभागों, जिला कार्यालयों, सरकारी वेबसाइटों, सोशल मीडिया खातों, उद्घाटन–शिलापट्टों एवं अन्य शासकीय सामग्री का परीक्षण कर लोकसेवकों के नाम के साथ प्रयुक्त माननीय/Hon'ble जैसे असंगत सम्मानसूचक शब्दों को हटवाया जाए। भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए शासकीय संचार एवं शिलापट्टों में सम्मानसूचक संबोधनों के प्रयोग के सम्बन्ध में स्पष्ट, एकरूप एवं बाध्यकारी दिशा–निर्देश जारी किये जाने का भी अनुरोध है एवं इस पत्र पर की गई कार्यवाही से संस्थान को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

NATIONAL PUBLIC SERVICE TRUST

भवदीय,

कृष्णकान्त

(अध्यक्ष)

**<u>संलग्नक :–</u>** आधिकारिक वेबसाइट का स्क्रीनशॉट एवं शासकीय शिलापट्ट के छायाचित्र की प्रति।

# OFFICIAL WEBSITE OF CHIEF MEDICAL OFFICER HARIDWAR

## (as on 24.08.2026)




**https://cmoharidwar.org/**




राजस्व परिषद उत्तराखण्ड देहरादून
न्यायालय परिसर में अधिवक्ता कक्ष परिसर
(प्रथम तल पर)
का
''लोकार्पण''
श्री आनन्द बर्द्धन
(आई.ए.एस.)
माननीय अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड/
माननीय मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार
के कर कमलों द्वारा
दिनांक 22 जुलाई, 2026 दिन बुधवार को सम्पन्न हुआ।
श्रीमती रंजना राजगुरू
(आई.ए.एस.)
श्री उदय राज सिंह
श्री अनिल शर्मा कुकरेती